

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 13 अक्टूबर 2024



# संगीतमय प्रस्तुति के साथ आतिशबाजी, बुराई के प्रतीक रावण का पुतला दहन

## म्यूनिसिपल में शन्मुखा स्टेट स्कूल में साधो बैंड ने दी प्रस्तुति..गौरी नगर-कमला कॉलेज में भी मना पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुमधुर गीतों और भजनों के साथ आकर्षक आतिशबाजी के बीच असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी का उत्साह राजनांदगांव शहर में धूम - धाम से मनाया गया। शहर के स्टेट स्कूल मैदान में राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति, म्युनिसिपल स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ जन महोत्सव, कमला कॉलेज मैदान में राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति और गौरी नगर स्कूल मैदान में कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा अहंकारी रावण के पुतलों का दहन किया गया। रावण दहन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह यहां आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

### कमला कॉलेज में रावण वध

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी का पर्व कमला कॉलेज मैदान में भी राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य रावण के पुतले के दहन के साथ मनाया गया। यहां रायपुर की म्यूजिक माफिया बैंड ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को बांधे रखा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। दशहरा उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

### गौरी नगर में भी मना पर्व

शहर की कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा गौरी नगर स्कूल मैदान में इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया। यहां दशहरा उत्सव के आयोजन में जमकर आसमानी आतिशबाजी की गई। गौरी नगर स्कूल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गौरी नगर सहित आसपास क्षेत्र के लोग आयोजन में शामिल हुए।




विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्थानीय म्युनिसिपल स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, वहीं सांसद संतोष पांडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यहां रंगबिरंगी आतिशबाजियों के बीच लगभग 55 फीट उंचे रावण के पुतलों का दहन किया गया। छत्तीसगढ़ जन महोत्सव के आयोजन में शामिल होते हुए डा. रमन सिंह ने कहा कि आज बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी हमे अपने भीतर के अहकारों का नाश करने की सीख देती है।

**शन्मुखा प्रिया की आवाज में बांधा समां :** छत्तीसगढ़ जन महोत्सव द्वारा म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव में इंडियन आईडल प्रतिभागी रही प्लेबैक शन्मुखा प्रिया ने अपनी मधुर आवाज के जादू से श्रोताओं का मन मोह लिया। यहां रंगारंग आतिशबाजी के बीच हुए रावण दहन में मौजूद हजारों लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

**मलेशिया टेक्नोलॉजी से आतिशबाजी :** छत्तीसगढ़ जन महोत्सव के दशहरा कार्यक्रम में भव्य और आकर्षक आतिशबाजी ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। यहां मलेशिया टेक्नोलॉजी की आतिशबाजी मुंबई की टीम द्वारा कंप्यूटराइज माध्यम से की गई। आतिशबाजी के दौरान आसमान पर काफी देर तक सुनहरी छंटा दिखाई देती रही।

### जापानी आतिशबाजी के बीच रावण वध

शहर के स्टेट हाई स्कूल मैदान में आयोजित राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष 29वां रावण दहन उत्सव मनाया गया। इस दशहरा उत्सव कार्यक्रम में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आयोजन में शामिल होने पहुंचे और विजयदशमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**साधो बैंड की आकर्षक प्रस्तुति :** स्टेट हाई स्कूल मैदान में आयोजित रावण दहन के दौरान दिल्ली की साधो बैंड ने यहां संगीतमय राम भजनों की प्रस्तुति दी। जिससे उपस्थित दर्शनक झूमने लगे। वहीं समिति द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान जापानी तकनीक के जरिए निर्मित आकर्षक आतिशबाजी भी की गई।







# जसगीत की धुन के बीच निकाली देवी मूर्तियां
# जयकारों के साथ जवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्वांर नवरात्र पर्व के तहत देवी मंदिरों एवं पूजा पंडालों में स्थापित किए गए ज्योत जवारा का आज जस गीतों के गूंज के बीच विसर्जन किया गया। इसके साथ ही देवी प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

अंचल के देवी मंदिरों में श्रद्धा भक्ति के साथ स्थापित किए गए ज्योत जवारा का विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद शनिवार को पारंपरिक जस गीतों के गूंज के बीच विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई, सुबह से लेकर देर रात तक चले इस जवारा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। विसर्जन शोभायात्रा में देवी मां के अस्त्र शस्त्र भी साथ में भक्त रखे हुए थे।

### विसर्जन में गूंजे जस गीत

क्वांर नवरात्र पर्व पर बड़ी संख्या में पूजा समितियों के द्वारा शक्ति की देवी मां दुर्गा , काली, सरस्वती की मूर्तियां पूजा पंडालों में स्थापित की गई थी। शनिवार को देवी प्रतिमाओं को विसर्जन करने का सिलसिला भी शहर सहित ग्रामीण इलाको में सुबह से लेकर देर रात तक जारी रहा। इस दौरान भक्त गुलाल अबीर उडा कर देवी मां के जयकारे लगाते रहे।







### मंदिरों में भक्तों की भीड़

शहर के विभिन्न मंदिरों में रखे गए जोत जवारा का विसर्जन करने के लिए भक्तों की उपस्थिति सुबह से ही मंदिर परिसर में बनने लगी थी। जंवारा विसर्जन शोभायात्रा को देखने के लिए भी भक्तों की बड़ी संख्या में भीड़ रही। शहर के तालाब में श्रद्धा भक्ति के साथ जंवारा विसर्जन किया गया। शहर के शीतला मंदिर प्रांगण बुढासागर में भी जंवारा विसर्जन का सिलसिला सुबह से लेकर देर शाम तक जारी रहा। यहां भक्तों का मेला सा लगा रहा।

**नदी तट तालाब में भक्तों का मेला :** बडी संख्या में पूजा समितियों के द्वारा देवी मां की प्रतिमाओं को शहर के मोहारा शिवनाथ नदी में विसर्जन किया गया। दिन भर शहर सहित ग्रामीण इलाको में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन का क्रम जारी रहा। नदी तालाब में बडी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। दिन भर जस गीत मंडलियों की भी व्यस्तता रही। इस मौके पर भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंगल कामना की। देवी प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला कल भी जारी रहने की संभावना है।

# अन्तर्राज्यीय गौ तस्करी का सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गौ तस्करी के मामले में पूर्व में किए गए कार्यवाही के बाद पुलिस ने इस मामले से जुडे अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गातापार थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 जुलाई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि कैम्प मौहाढ़ार के आगे कुछ दूरी पर कुछ व्यक्ति पैदल मवेशियों को निर्दयता पूर्वक मारपीट करते हुए कत्लखाना ले जा रहे है। सूचना पर पुलिस ग्राम मौहाढार पहुंची, जहां मवेशियों को डंडे से पीटते हुए आरोपी ले जा रहे थे दो लोग पुलिस गाड़ी को देखकर भाग गये एवं एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा जिसने अपना नाम शिव नंदन साहू उम्र 55 साल साकिन मुढीपार का रहने वाला बताया, जो ग्राम मुढीपार से मवेशियों को कटेमा की ओर पुनीत टेकाम के दैहान में ले जाना बताया। भागे गये दो व्यक्ति के नाम पुनीत टेकाम के बेटे राजेश टेकाम, सुंदर टेकाम निवासी मौहाढार का होना बताया। आरोपियों से गाय 55 नग, बछिया 45 नग, बछडा 30 नग कुल 130 नग मवेशियों को जब्त कर आरोपी राजेश टेकान व संदुर टेकाम का मेमोरेण्डक कथन लिया गया।


### आरोपी पकड़े गए



सूचना पर आरोपी सबर अली को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर बताया। कि उक्त मवेशियों को ग्राम चांदगढी निवासी रूपेश कोठले, रवि बंजारे एवं कुंवर दास उर्फ ददद्दू के साथ मिलकर महाराष्ट्र ले जाकर कत्लखाना ले जाने वाले व्यपारी को बेच देते है। प्राप्त रकम को आपस में बांट लेते है। आरोपियों का प्रकरण सलिप्तता पाये जाने पर 12 अक्टूबर को विधिवत सबर अली खान उम्र 27 साल निवासी वार्ड नं 19 टिमकीटोला थाना बहेला जिला बालाघाट, रूपेश कोठले उम्र 23 साल साकिन चांदगढी, रवि बंजारे उम्र 30 साल साकिन चांदगढी, कुवंर दास उर्फ दद्दु मारकण्डे उम्र 27 साल साकिन चांदगढी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया।

### मुख्य आरोपी फरार था

जिन्होंने अपने कथन में उक्त मवेशी को अन्तर्राज्यीय गौ तस्कर सबर अली के साथ मिलकर तस्करी करना बताया। प्रकरण में आरोपियों कृत्य धारा सदर का अपराध पाये जाने से आरोपी शिव नंदन साहू उम्र 55 साल, सुन्दर टेकाम उम्र 22 साल, राजेश टेकाम उम्र 20 साल दोनों निवासी मौहाढार को 3 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। घटना दिनांक से मुख्य आरोपी सबर अली फरार हो गया था जिसका लगातार पतासजी की जा रही थी।







**0 राजनांदगांव।** बदलते मौसम के साथ ही बाजार में सब्जियों के दाम में उछाल आया है। बताया गया कि आसपास की बाड़ियों से सब्जियों की आवक कम है, जिसके चलते टमाटर लगभग 80 से 100 रुपए किलो तक बिक रहा है। इसी तरह अन्य सब्जियों के दाम भी बढ़े हुए है।












## खबर संक्षेप



### बम्लेश्वरी को चांदी का दरवाजा समर्पित

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर में 150 किलो चांदी से निर्मित दरवाजे को कालरात्रि अभिषेक के पूर्व माताजी के दरबार में समर्पित किया गया। इस दरवाजे को नासिक के ठेकेदार द्वारा राजस्थान के 5 कारीगरों के सहयोग से 15 दिनों में बनाया गया है। इस दरवाजे में अभी और कार्य किया जाना शेष है। दरवाजे के पूर्ण होने पर अनुमानित लागत लगभग 1.50 करोड़ रुपए होने का आकलन किया जा रहा है। क्वांर नवरात्र के पहले दिन 15 लाख की लागत से निर्मित 15 किलो चांदी की 8 थाल, 12 कटोरी, 4 प्लेट, 2 गिलास, 2 चम्मच और 1 गौ मुख वाला आचमनी भोग प्रसाद एवं भक्तों द्वारा प्रसाद चढ़ाने अर्पित किया गया है।

### मनाया खांडेकर का जन्मदिन



**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद खांडेकर का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने केक काटकर मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता चौक, शक्तिवाहिनी एवं महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बस स्टेण्ड में आयोजन कर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर परविंदर सिंग मोंटी, शुभम परिहार, सत्यम स्वामी, राजू डकहा, मनीष समुंद्रे, ऋशभ डकहा, हिमांशु डकहा, लक्की, राहुल करसे, महेन्द्र करसे, अभय डकहा, कंचन बघेल, शुभम गवली, सुजल गोयकर, आकाश डकहा, आकाश खुटे उपस्थित थे।

### अग्र बंधु कल्याण कोष का गठन

**डोंगरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मलेन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के प्रयासों से आर्थिक रूप से कमजोर अग्रवाल बंधुओं के सहायतार्थ, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन कल्याण कोष का गठन किया गया है। इस नव उपक्रम की अस्थाई संचालन समिति में 13 सदस्य का मनोनयन किया गया, जिसमें राजकुमार मित्तल, जगदीश अग्रवाल, प्रदीप सर्राफ, गणेश भरतिया, कृष्ण कन्हैया गोयल, गीता सेक्सरिया, उमा बंसल, अजयकांत गर्ग, बुद्धिश अग्रवाल, पवन मित्तल, अनिलकुमार अग्रवाल, जुगलकिशोर, कृष्ण कुमार बंसल शामिल हैं। जानकारी के अनुसार अग्र शिक्षा कल्याण योजना, अग्र लाडली विवाह योजना, अग्र स्वास्थ्य कल्याण योजना, अग्र वरिष्ठ कल्याण योजना, अग्र आपदा कल्याण योजना, विविध अग्र कल्याण योजनाओं के संचालन हेतु कोष बनाया गया है। इस कोष में कुल प्रवर्तक अग्रसेन की विचारधारा एक रुपया एक ईट के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए प्रत्येक सदस्य 365 रूपए प्रतिवर्ष निर्धारित जमा करेगा। सभी अग्र बंधुओं से अपेक्षा किया गया है कि वह अधिक से अधिक स्वैच्छिक सहायता राशि जमा करें, ताकि अग्र सहायता योजनाएं शीघ्र प्रारंभ हो सके।

## दुर्गा और सरस्वती की प्रतिमाएं भी विसर्जित

# हवन पूजन के बाद ज्योत जवारा का शोभायात्रा के साथ विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शारदेय नवरात्र के तहत ज्योति विसर्जन कलशों के विसर्जन के पूर्व बम्लेश्वरी मंदिर में अनुष्ठान, पूजन, हवन के बाद नवमी को सुबह कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही ज्योत जवांरा का विसर्जन विधिवत किया गया। उपर मंदिर में सुबह कलशों की पूजा किया गया। पंचमी तक दर्शनार्थियों की भीड़ के बाद पिछले तीन दिनों में माता के दरबार में दर्शनार्थियों की संख्या में कमी अचानक कम आई। भगदड़ की कथित खबर के बाद करीब 11 लाख दर्शनार्थियों ने माता के दरबार में हाजरी लगाया। प्रशासनिक आकड़े के अनुसार नवमी को सुबह तक रेल से लगभग 3 लाख, पदयात्री 3 लाख एवं सड़क मार्ग से 5 लाख दर्शनार्थी पहुंचे।

### पूजा अर्चना का दौर

मां बम्लेष्वरी एवं अन्य देवी मंदिरों, मां सरस्वती एवं दुर्गा पंडालों में प्रातः पूजा अर्चना किया गया। दुर्गा पंडाल, संघी पूजा व बलिदान कार्यक्रम के साथ प्रातः नवमीं पूजा शुरू हुई। नवमी पूजन के तहत प्रातः 11 बजे यज्ञ, 12 बजे पुष्पांजलि, एवं भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान अपराजिता पूजा, देवी घट विसर्जन के साथ सिंदूर उत्सव मनाया गया।

### ज्योति कलशों का विसर्जन

**पटेवा।** इरईकला के शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्रि के मौके पर स्थापित मनोकामना ज्योति कलश एवं मां दुर्गा की



प्रतिमा आज विसर्जित किया गया। बीते नौ दिनों तक भजन सेवा मंडली एवं ग्रामीणों ने निरंतर सेवा किया। महाअष्टमी को हवन पूजन के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। 12 अक्टूबर को जोत जवांरा को गली भ्रमण कराते हुए शीतला तालाब में अंतिम पूजा अर्चना कर विसर्जित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे । इरईकला में कल 13 अक्टूबर को युवा उत्सव समिति एवं मां शीतला दुर्गा उत्सव समिति के सौजन्य से मां दुर्गा की भव्य शोभा एवं विसर्जन यात्रा निकाला जाएगा। यात्रा में जय मां महामाया जस एवं झांकी परिवार गब्दा की भव्य प्रस्तुति होगी। दूरदर्शन कलाकार जस गीत के माध्यम से मातारानी का गीत समर्पित करेंगे। कार्यक्रम में लोकगायिका झरना साहू, जयश्री जंघेल, गायत्री साहू, प्रकाश पाटिल, सूरज निषाद प्रस्तुति देंगे। युवा उत्सव समिति के अध्यक्ष ललित साहू ने क्षेत्रवासियों से उपस्थित होने अपील की है।

## खपराभाट में महिला समूह की हुई वार्षिक आमसभा




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम खपराभाट में महिला समूह का आमसभा का आयोजन भाग्य विधाता ग्राम संगठन के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें महिला समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया तथा अपने-अपने समूह द्वारा किए गए कार्य पर प्रकाश डाला गया। महिला समूह द्वारा मछली पालन, जैविक खाद बीज कैसे कम लागत में तैयार किया जा सकता है, पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत लाल साहू पूर्व सरपंच ने कहा कि महिलाओं का ही घर और गांव का विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है।

हम सबको महिलाओं का सदा सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में जमुना बरम चन्द्रवशी सरपंच, सखिनाबाई, जैनबाई, सुनिता साहू, देवीसिंह, नेमन साहू, गुलाब साहू, गिरधर साहू, उत्तम नेताम, यमुना दास मानिकपुरी, समारूराम नेताम, बलेश्वर साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रुकमनी साहू, संगीता साहू, बेनू साहू, किरण कंवर, अन्नु साहू, सुनीता साहू, टिकेश्वरी साहू, नुतन साहू समेत अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन यमुना दास मानिकपुरी ने किया।

## उल्लास नव नवभारत साक्षरता कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** उल्लास नव नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को छुरिया के ग्राम पंचायत घोघरे में संकुल समन्वयक एवं शिक्षार्थियों को स्वयंसेवी भावना से पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड छुरिया के 15 संकुल समन्वयकों ने भाग लिया। साथ ही आसपास ग्राम के स्वयंसेवी शिक्षक भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला परियोजना अधिकारी रश्मि सिंह ने जानकारी दी कि प्रत्येक संकुल के एक ग्राम पंचायत में आदर्श उल्लास केंद्र की स्थापना स्कूल में उपलब्ध संसाधन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े स्वयंसेवी शिक्षकों को 10वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्यनरत हैं, उन्हें 10 असाक्षरों को पठन-पाठन कर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस प्रदान किए जाने के संबंध में जानकारी दी।

## पूर्व संगठन मंत्री ने किया देवी दर्शन

**डोंगरगढ़।** प्रदेश भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री रामप्रताप सिंह, बेटी बचाओ,



बेटी पढाओ अभियान की सदस्य सुषमासिंह ने मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना किया। दोनों नेताओं के पहुंचने पर समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, महेन्द्र भाई पटेल, प्रकाश बिंदल, संतुराव अन्ना, प्रिंस कक्कड़, गिरीश साहू सहित अन्य ने स्वागत किया।

## उत्कृष्ट आवास निर्माण के लिए सचिवों का सम्मान

**छुईखदान।** ग्राम पंचायत गोपालपुर और लक्ष्मणपुर को उत्कृष्ट आवास निर्माण के लिए पुरुस्कृत किया गया है। गत दिनों सिंघौरी में जिला स्तरीय आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन थे। महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री देवांगन सहित अन्य ने ज़िला में स्वीकृत 9520 आवासों का भूमिपूजन किया। मुख्य अतिथि ने गर्भवती महिलाओं को पोषण कीट का वितरण किया। दुधमुंहे बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। जिला स्तरीय आवास मेला में सचिव हिरेंद्र कुमार एवं सचिव समीना बानो को मंत्री श्री देवांगन, सांसद संतोष पाण्डेय ने आवास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्तिपत्र देकर



सम्मानित किया। खैरागढ़ के सचिव जगन्नाथ वर्मा, रगरा सचिव बाल कुमार जंघेल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घांसी साहू, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, विधायक यशोदा वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुस्लिम फेडरेशन की पहल

# बालिकाओं को दी पाठ्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



जिला अधिकारी कर्मचारी मुस्लिम फेडरेशन ने अमलीडीह खुर्द में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रथम शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथ्य रज्जाक खान थे। अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. मकसूद अहमद ने किया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक की बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में अध्यक्ष डॉ मकसूद ने कार्यकारिणी घोषणा की। कार्यकारिणी में संरक्षक शोएब अहमद, उपाध्यक्ष इसरार अहमद, हाजी आजम खान, सिराज खान, सचिव शेख कलीम, कोषाध्यक्ष कय्यूम कुरैशी, महामंत्री निगार अंजुम, संगठन मंत्री शेख साफी, मोहम्मद असर, इदरीश खान, रियाजुद्दीन कादरी, सहसचिव नाज़नीन नियाजी, शेख समीर, असद अल हक को बनाया गया है। सलाहकार मंडल में हाजी कासिम खान, इदरीश खान, जमीर कुरैशी, तजम्मुल खान, विधिक सलाहकार अधिवक्ता अल्ताफ अली, साबिरा सरधारिया, गजाला खान, शैक्षिक सलाहकार रसीदा सैयद, आरिफ खान, जबिना खान और यकीन फातिमा नियाजी, हेल्थ सलाहकार डॉ. अनम फातिमा, सगीर कुरैशी और प्रेस सहयोगी याहिया नियाजी, यावर नियाजी, स्वच्छता व सेवा सलाहकार समशुल होदा खान और सबीना बेगम को बनाया गया है।

उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ. मकसूद ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं के सहयोग से समाज में सुधार लाना फेडरेशन का मुख्य लक्ष्य है। विशिष्ट अतिथि निज़ाम खान, सीमा खान, याहिया नियाज़ी ने संबोधित किया। संचालन शमसुल होदा खान बाबा और कय्यूम कुरैशी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान हाफिज जियाउल हक, इसरार खान, वजीर खान, आदिल खान, सोहेल खान सहित अन्य जमाती उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

श्री Restaurant
श्री फैमली रेस्टोरेंट
शुद्ध शाकाहारी
बर्थ-डे पार्टी, किटी पार्टी, एनवर्सरी, बिजनेश मिटिंग एवं सभी अवसरों के लिये फैमली हॉल उपलब्ध है...
पार्सल सुविधा उपलब्ध
शुभम वैष्णव 87702 56822
सुरेश वैष्णव 97521 52337
पता- माथलडबरी, डोंगरगांव (मोहड़ चौक से छुरिया रोड पर 1 कि.मी.)

## खबर संक्षेप

### पिपरिया में डांस स्पर्धा 15 को

**मुरमुंदा।** आदर्श सरस्वती उत्सव समिति पिपरिया एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 15 अक्टूबर को रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता रखा गया है। सामूहिक डांस में विजेताओं को क्रमशः 3001, 2501, 2001, युगल डांस में 2501, 2001, 2001, एकल डांस में 1501, 1001, 701 रुपए दिया जाएगा। यह जानकारी राकेश ने दी।

### कमला कॉलेज में परिषद का गठन

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के मनोविज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में गत दिनों शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए मनोविज्ञान परिषद का गठन किया गया। एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा यामिनी साहू को सर्वसम्मति से परिषद का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। एमए तृतीय सेमेस्टर से ही तरूणा देवांगन को सचिव एवं इंद्राणी श्रीवास को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। उपाध्यक्ष तथा सहसचिव पद हेतु एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं क्रमशः डॉली कोमा व निशा देवांगन का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राधिका सारथी, आंचल सोनी को स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने मनोविज्ञान परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामना प्रदान करते कहा कि मनोविज्ञान विभाग महाविद्यालय का महत्वपूर्ण विभाग है। डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने कहा कि मनोविज्ञान विभाग में शोध केन्द्र भी संचालित है। इस अवसर पर डॉ. मोना माखीजा, रिया उईके, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा तथा डॉ. ओपी गुप्ता उपस्थित रहे।

### 866531 पात्र हितग्राहियों का पंजीयन

**राजनांदगांव।** जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों के आधार पर निर्धारित लक्ष्य कुल 939886 है। जिसमें से 866531 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 92.20 प्रतिशत है। डोंगरगांव विखं में 135700, डोंगरगढ़ विखं में 205695, राजनांदगांव विखं में 351196, छुरिया विखं में 173940 आयुष्मान कार्ड पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या है।

## निधन

### चतुरराम बारले

**घुमका।** छोटे बिरेझर निवासी



चतुरराम बारले का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन पर ग्रामीणों ने संवेदना व्यक्त किया है।

### धांधूराम नायक



**डोंगरगांव।** गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन तथा मुचेदण्ड निवासी धांधूराम नायक का शुक्रवार को निधन हो गया। वह लगभग 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे पत्नि, दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनकी अंतिम यात्रा में जयप्रकाश सिन्हा, प्रभात साहू, अजय गुप्ता, हरीश गांधी, बालकृष्ण सिन्हा, होरीलाल साहू, सुरेश यादव, सुरेश पटेल, ढालसिंह साहू, हरीश चौहान सहित अन्य शामिल हुए।

### वन भूमि से भी खनिज की लगातार चोरी

# सरकारी जमीन से मुरूम का खनन

## मुरुम के अवैध खनन पर नहीं लग रहा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

क्षेत्र में अवैध मुरूम खनन के मामले पर अंकुश नहीं लग रहा है। निजी और सरकारी जमीन से मुरूम का खनन कर परिवहन किया जा रहा है। गुमानपुर खैरबना से लगे जंगल से आए दिन मुरूम का खनन करने की शिकायत सामने आ रही है। गुमानपुर पुल के समीप स्थित मैदान दो दिन में तालाब में तब्दील हो गया है। गुमानपुर से लगे वन से भी मुरूम निकालने की खबर है।

वन भूमि से लगातार मुरूम खुदाई के बाद शुक्रवार को वन कर्मचारी एवं ग्रामीणों ने अवैध खनन पर रोक लगाया था। जेसीबी से मुरूम का खनन तथा तीन हाईवा से ढुलाई किया जा रहा था परन्तु दूसरे दिन मुरूम निकाजना फिर शुरू कर दिया गया। गौरतलब है कि गुमानपुर में जांच नाका है जहां कर्मचारी नियुक्त हैं। इसके अलावा बीट कर्मचारी भी नियुक्त हैं। कर्मचारियों के रहते वन भूमि से खनिज निकालने का मामला सामने आ रहा है।



#### नाका से कर्मचारी गायब

ग्रामीणों ने बताया कि गुमानपुर जांच नाका में जिस कर्मचारी की नियुक्ति है वह अक्सर नदारत रहता है। चौकी में वनोपज की चोरी एवं परिवहन रोकने कोई भी जिम्मेदारी व्यक्ति मौजूद नहीं रहता है।

#### अवकाश दिन अधिक खनन

मुरूम का अवैध खनन करने वाले अवकाश के दिन का इंतजार करते हैं ताकि शिकायत होने पर अधिकारी न पहुंचे। पहले अवैध खनन एवं परिवहन रात को किया जाता था किन्तु अब वह मुरूम खनन एवं ढुलाई में दिन में बेरोकटोक करने लगे हैं। जानकारी अनुसार अतरिया, कुकुरमुड़ा, गुमानपुर, खैरबना में मुरूम खनन के लिए विभाग से अनुमति नहीं लिया गया है। अवैध मुरूम को निजी और सरकारी कामों में खपाया जाता है। जानकारी के अनुसार निजी जमीन से मुरूम निकालने के लिए खनिज माफिया कृषि योग्य भूमि बनाकर देने की बात कहते हैं और मैदानी भूमि को तालाब नुमा बनाकर मुरूम निकाल लेते हैं। किसान बताते हैं कि मुरूम निकलने के बाद कुछ अपने वादे से मुकर जाते है। तो कुछ खेत बनाकर देने की औपचारिकता निभा कर रफूचक्कर हो जाते हैं।

# तम्बाकू मुक्त युवा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 का शुभारंभ इन्दिरा कला संगीत विवि आडिटोरियम में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति घम्मन साहू, विप्लव साहू, दिशा समिति सदस्य व सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर,कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल,अपर कलेक्टर व कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल की मौजूदगी में हुआ।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान तहत उपस्थित स्कूल कालेज के बच्चो और युवाओं को संबोधित कर तंबाकू के दुष्प्रभाव की जानकारी दी और जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तम्बाकू या अन्य किसी भी प्रकार के नशीले उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करने की अपील की।

#### नुक्कड़ नाटक की दी प्रस्तुति

इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियां की गई जिसमे शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने वक्तव्य नशा मुक्ति के विषय पर प्रेरक कविता के माध्यम से जागरूकता एवं प्रस्तुतीकरण, डॉ. पदुम लाल पुन्ना लाल बक्शी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और इन्दिरा कला संगीत विवि के छात्र-छात्राओं द्वारा तंबाकू मुक्त अभियान से संबंधित रंगोली, चित्रकला व थियेटर ग्रुप द्वारा नुक्कड नाटक की प्रस्तुति दी गई। विजयी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा मंच पर पुरस्कार वितरण कर तंबाकू एवं नशा से दूर रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

#### तम्बाकू के दुष्प्रभाव की दी जानकारी

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने युवाओं को तंबाकू के दूष्प्रभाव की जानकारी देते हुए नागरिकों को किसी भी प्रकार के नशीली उत्पादों के सेवन से दूर रहने अपील किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों, मितानिन, छात्र-छात्राओं द्वारा किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन नही करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान मार्गदर्शिका पुस्तिका और राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित प्रचार प्रसार पाम्पलेट का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में नपा सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, नंद चंद्राकर, मंगल सारथी, उत्तम दशरिया, सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, जिला कार्यकम प्रबंधक सोनल ध्रुवव, जिला नोडल एनटीसीपी डॉ. अनम फातिमा, बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, बीएमओ डॉ. मनीष बघेल, दुर्गेशनंदनी श्रीवास्तव, सहित स्कूल शिक्षा, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मणीभास्कर ने ग्रहण किया अध्यक्ष का पदभार



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनांदगांव की जनभागीदारी समिति की नवनियुक्त अध्यक्षा मणीभास्कर गुप्ता ने पूर्व सांसद अशोक शर्मा की उपस्थिति में अधिकारिक पदभार ग्रहण किया। अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करते उन्होंने कहा कि वह अपनी पूर्ण कार्यक्षमता से महाविद्यालय के सतत प्रगति एवं संविकास हेतु कार्य करेंगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद अशोक शर्मा ने मणीभास्कर गुप्ता और उनकी टीम को मंगल बधाई के साथ महाविद्यालय में रचनात्मक समृद्धि के लिए अभिप्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने सभी का पुष्पगुच्छ एवं टीकावंदन कर अभिनंदन किया। अध्यक्ष मणीभास्कर गुप्ता का शॉल व श्रीफल से सम्मान करते शुभकामनाएं प्रदान की।

इस अवसर पर नीलू शर्मा, कोमलसिंह राजपूत, रवि सिन्हा, पवन डागा, पवन मेश्राम, किशन यदु, शिव वर्मा, मनोज निर्वाणी, रघुवीर वाधवा, गप्पूलाल सोनकर, कमलेश बंधे, शरद सिन्हा, चिंटू सोनकर, अरूण देवांगन, विनय राय, नागेश यदु, गगन आईच, जया यादव, खेमीन यादव, टुमेश्वरी उइके, भानू साहू, माधवी जैन, एकता अग्रहरि, डॉ. अर्चना अग्रहरि समेत अन्य लोग शामिल थे। प्रारंभ में सभी ने महाविद्यालय उद्यान में स्थापित श्रीमती कमलादेवी राठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का श्रेष्ठ संयोजन डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी, डॉ. बसंत कुमार सोनबेर एवं प्रो. आलोक कुमार जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# चिद्दों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राजनांदगांव। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने जिले के डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम चिद्दों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा बच्चों का अन्नप्रासन्न किया गया। शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी



योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी गई।

शिविर में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाईसेंस, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में सिकलसेल, टीबी, शुगर, खून जांच ब्लड प्रेशर जांच किया गया तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में ब्लड प्रेशर, स्त्री रोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और आयुर्वेद दवाईयों का वितरण किया गया।

#### योजनाओं के संबंध में दी जानकारी

शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, समाज कल्याण विभाग, क्रेडा, विद्युत, पशु चिकित्सा, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस, श्रम विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर जनसामान्य को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### आईडीबीआई बैंक ने मनाया 60वां स्थापना दिवस

**राजनांदगांव।** शहर के जयस्तंभ चौक स्थित आईडीबीआई बैंक का मंगलवार को स्थापना दिवस मनाया गया। बैंक की 60वीं वर्षगांठ पर दीप प्रज्जवलित कर



कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस दौरान चेंबर ऑफ कामर्स के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज खंडेलवाल, सीएम रणदीप सिंह भाटिया एवं सीए रितेश कोटड़िया के साथ ही शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान ही शाखा प्रबंधक अभिषेक शर्मा द्वारा बैंक की उपलब्धियों के बारे में ग्राहकों को जानकारी दी गई। वहीं डिजिटालाईजेशन को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से आईडीबीआई बैंक ने अपने एप के रूप का एक सेल्फी पाइंट भी ग्राहकों के लिए बनाया।

# पार्रीकला गांव में चला स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जनजागरूकता अभियान नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में चलाया गया। अभियान के लिए विभिन्न गतिविधि रंगोली, स्वच्छता अभियान, कैंपस की साफ-सफाई, रैली निकालकर गोद ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें ग्राम पार्रीकला तालाब की सफाई, शीतला माता मंदिर प्रांगण की सफाई करते पंचायत के आसपास के प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के कचरो को साफ किया गया।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना महात्मा गांधी ने देखा था और उसकी पूर्ति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से प्रारंभ हुआ है। विद्यार्थियों ने साफ-सफाई के साथ-साथ इस वर्ष की थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के साथ भाषण प्रतियोगिता और प्रस्तुतिकरण कर जागरूकता लाने का प्रयास किया।

#### स्वयं सेवकों को दी बधाई

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक भागीदारी एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रोत्साहन के उद्देश्य से ग्राम के जनप्रतिनिधि, युवा मंडल के युवाओं, महिला समूह के साथ मिलकर एक कदम स्वच्छता की ओर बढ़ाया गया। छात्रों के साथ मिलकर अभियान के हिस्सा बने। अभियान के स्तंभ स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर स्वच्छ भारत मिशन के साथ स्वच्छ तथा स्वस्थ वातावरण बनाने एनएसएस के विद्यार्थियों ने बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाया है। महाविद्यालय के डायरेक्टर संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने कहा कि गतिविधियों का बेहतर तरीके से पालन कर अभियान को सफल बनाने सभी स्वयंसेवकों को बधाई। आयोजन में बीएड प्रथम एवं तृतीय सेम. के विधार्थी सैकड़ों की संख्या में सहभागिता निभाएं।

### सदस्यता अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने दिया जोर

# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने अल्प प्रवास के दौरान जिला भाजपा कार्यालय में समीक्षा बैठक ली। कार्रूकर्ताओं व पदाधिकारियों से सौजन्य मुलाकात बाद उन्होंने सदस्यता अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। डोंगरगढ़ में माता बम्लेश्वरी देवी के दर्शन बाद शहर पहुंचे राज्य मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित के विचारधारा वाली पार्टी है जो शून्य से शिखर पर पहुंची है वहीं दूसरी ओर जिस पार्टी की कोई विचारधारा नही वो शिखर से शून्य की ओर जा रही है। कभी दो सीटों पर रहने वाली भाजपा के पास आज सबसे ज्यादा सांसद है। उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर कहा कि जो लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया है उसे पूरा करने के लिए केवल 15




अक्टूबर तक का समय है जिसके लिए सभी जुट जाए। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से हम अपनी बात को घर घर तक पहुंचा सकते हैं। बैठक में जिला संयोजक तीरथ चंदेल, जिला महामंत्री रामाधार रजक, पूरन जंघेल, गिरिजा चंद्राकर, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, सदस्यता अभियान संयोजक शशांक ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, प्रकाश सिंह ठाकुर, आलोक श्रीवास, विनय देवांगन, हरप्रसाद वर्मा, राजेश मेहता, नरोत्तम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### एकजुट होने का किया आह्वान

इसी क्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को ये जिम्मेदारी लेनी है और सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में जुट जाना है। उन्होंने कहा कि हमें जो लक्ष्य दिया गया है शेष बचे हुए समय में उसे पूरा करना है। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सदस्यता अभियान की समीक्षा के लिए राज्य मंत्री का दौरा हुआ है उन्होंने कहा कि नए जिले मे कार्यकर्ताओ ने बेहतर काम किया है इसी कड़ी में सदस्यता अभियान को लेकर हमें और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है जिससे जिले में सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा हो सके।

### घुमका में आवास मेला व उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में ग्राम घुमका के सतनाम भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आवास मेला में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों को चाबी, स्वीकृति पत्र, पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। साथ ही मॉडल आवास का प्रदर्शन एवं आवास ले-आउट के माध्यम से तकनीकी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर हितग्राहियों को गृह प्रवेश एवं भूमिपूजन भी करवाया गया। आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में दानीराम साहू, जोहन वर्मा, आशाराम वर्मा को चाबी वितरण, गृह प्रवेश एवं आवास पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मेघिन साहू, बसंती निषाद, राजकुमार वर्मा के नवीन स्वीकृति आवास हेतु भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल ग्राम पंचायतों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# चिखली के वार्डवासियों ने ली भाजपा की सदस्यता

राजनांदगांव। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा सदस्यता अभियान के एक कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर मधुसूदन यादव चिखली वार्ड में उपस्थित रहे।

आयोजन में भाजपा के स्थानीय पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण द्वारा आयोजित मोर बूथ, मोर अभिमान कार्यक्रम में विजय शर्मा, लोकेश जैन, प्रेम रजक, अनिल सिन्हा, गुंजन शर्मा, संजय साहू, नीरज तिवारी, झूमर जैन, महेश सिन्हा, बंटी रजक, प्रशांत रजक, मुकेश शर्मा, रमन यादव, नम्मू शर्मा, सागर रजक, गुहा यादव, तेजराम साहू, चंडी गुप्ता, श्रुति जैन, सुनीता जैन, सपना जैन, चंद्रिका साहू, योगिता कुर्रे, चंद्रिका किशोर साहू, सीता सोनी, नेहा जैन, नगीना साहू सहित अन्य वार्डवासीगण मौजूद रहे। वार्डवासियों द्वारा पूर्व सांसद का तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। आयोजन में पूर्व सांसद मधुसूदन ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय राजनीति में भी संस्कृति के संवाहक बनकर रहे। उन्होंने अपना जीवन एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की अवधारणा को साकार करने समर्पित किया।

उन्होंने राजनीति में अपने धर्म एवं संस्कृति को कभी नहीं छोड़ा एवं राष्ट्रवाद को सर्वोपरि माना। पं. उपाध्याय के मार्ग पर चलते भाजपा समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के उद्भव एवं विकास के लिए कृत संकल्पित है।

## सार समाचार

### खंडेलवाल कॉलोनी और वैशाली नगर में गरबा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**राजनांदगांव।** खंडेलवाल कॉलोनी, वैशाली नगर में इस वर्ष गरबा महोत्सव का सातवां वर्ष बेहद धूमधाम से मनाया गया। कॉलोनी वासियों द्वारा चार दिवसीय इस गरबा उत्सव में अलग-अलग थीम पर हर दिन विशेष प्रस्तुतियां दी गईं। वार्डवासियों ने गरबा का आनंद लेते हुए अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। महोत्सव के तीसरे दिन विशेष महा गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। इसके साथ ही महा आरती का भी आयोजन किया गया।




**भंडारे का हुआ आयोजन-** आयोजन समिति द्वारा सामूहिक कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया है, जिसमें सभी कॉलोनी वासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलोनी के वरिष्ठ संरक्षक अश्वनी ठाकुर, मनीष शर्मा, आशीष वैष्णव, विक्की साहू और कॉलोनी के महिला मंडल ने विशेष योगदान दिया।

### निधन पश्चात नेत्रदान

**राजनांदगाव।** राजनांदगांव निवासी श्रीमती शकुंतला देवी के निधन के पश्चात परिवार द्वारा उनके नेत्रदान कर दो नेत्रहीन लोगों के जीवन में नई रौशनी देने में सहयोग किया। इस अवसर पर लोकेश अग्रवाल राहुल अग्रवाल ने अपनी मौसी के नेत्रदान हेतु सहमति दी।



नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्य रक्तमित्र फनेन्द्र जैन, तरुण आड़तिया , मनीष संहिता, बाल रत्न मंच सेवा समिति के सदस्य मयंक शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, रितेश यादव पूरा समय उपस्थित थे। शकुंतला देवी ने अपने निधन के पूर्व ही अपनी आंखें दान करने का संकल्प लिया था। उनका मानना था कि मृत्यु के पश्चात इस नश्वर शरीर का कुछ अंश किसी के काम आए जो समाज के लिए एक प्रेरणा का कार्य है उनके निधन के पश्चात उनकी इच्छा अनुसार उनके मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव की टीम ने आकर नेत्रदान संपन्न कराया। नवदृष्टि फाउंडेशन के तरुण आड़तिया ने कहा संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं।

### कंपनी के शाखा प्रबंधक व अन्य पर धोखाधड़ी का आरोप

**राजनांदगांव।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक, सीनियर लीडर, अप लाइन व क्लस्टर हेड के द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। उनके खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए इसी कंपनी में कार्यरत बिजनेश एसोसिएट पारूल पाण्डेय ने बसंतपुर थाना में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कंपनी के कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया है। पीड़िता पारूल पाण्डेय ने पुलिस को बताया है कि वह टाटा एआईए कंपनी में बिजनेश एसोसिएट के रूप में कार्य कर रही है, जहां शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश साहू सीनियर लीडर्स राजू साहू और ज्योति प्रियेश श्रीवास्तव व अमित गुप्ता के खिलाफ अभद्र व्यवहार व मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए इस मामले की शिकायत कंपनी में ईमेल के माध्यम से भी की गई है। शाखा प्रबंधक के कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक क्षति भी पहुंची है। पिछले 6-7 महिनों से उनका काम प्रभावित है। शिकायत पर उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

# अस्त्र-शस्त्र की पूजा, आईजी-एसपी ने फायरिंग कर निभाई परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ 00000

राजनांदगांव। बुराई पर अच्छाई की विजय व असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक विजयादशमी के अवसर पर शहर के पुलिस लाईन में शस्त्र पूजन किया गया। शस्त्र पूजन में राजनांदगांव पुलिस रेंज आईजी, जिले के एसपी सहित अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में मां दुर्गा की आराधना की गई ।

वर्षों पुरानी परंपरा के अनुरूप आज विजयदशमी के अवसर पर राजनांदगांव शहर के पुलिस लाईन में शस्त्रों और वाहनों की पूजा की गई । यहां पुलिस ने अपने सभी प्रकार के अस्त्र, शस्त्रों को रखकर बुराई के खात्मे और लोगों के सुरक्षा की शक्ति देने शक्ति की देवी मां दुर्गा से कामना की। इस दौरान प्रदेश की धरती पर नासूर नक्सल रूपी रावण के वध का संकल्प लिया गया।

### शांति की कामना

देश - प्रदेश व लोगों की सुरक्षा के लिए उठाये जाने वाले शस्त्रों की पूजा के माध्यम से पुलिस अधिकारियों ने देश में शांति और भाईचारे की कामना की । इस अवसर पर राजनांदगांव पुलिस रेंज के आईजी दीपक झा ने दशहरा पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि परंपरा अनुसार विधि विधान से शास्त्रों की पूजा संपन्न हुई और हर्ष फायर किया गया।

### भलाई के लिए करे काम

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि सभी खुश रहे सुरक्षित रहे, भगवान की कृपा सब पर बनी रहे और जो शस्त्र हमें दिए गए हैं हम सब उनका समाज की भलाई और अच्छे कामों के लिए इस्तेमाल करें।



### अफसरो ने की पूजा अर्चना

शस्त्र पूजा के दौरान आईजी, पुलिस अधीक्षक सहित सभी आला अधिकारियों ने बंदूक चलाकर पूजा की परंपरा का निर्वाह किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।



### बुराइयों के खात्मे में के लिए आहुति

पुलिस लाइन में आयोजित मां दुर्गा पूजा के अवसर पर आईजी दीपक झा, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, मुकेश ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सिसोदिया, आरआई, कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू, बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन, लालबाग थाना प्रभारी नवरत्न कश्यप, चिखली पुलिस चौकी प्रभारी नरेश कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने हवन यज्ञ में आहुति देकर मां शक्ति से समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने कामना की।

## प्यारेलाल स्कूल मैदान में शौर्य ध्वज की वंदना

# विजयादशमी पर्व पर पथ संचलन सैकड़ों स्वयंसेवकों पर बरसे फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विजय दशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गय। इस दौरान शहर के ठाकुर प्यारेलाल स्कूल मैदान में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए शौय ध्वज वंदना की गई।

विजय दशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शारीरिक प्रदर्शन व पथ संचलन किया गया । वर्ष 1925 में विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। स्थापना दिवस पर प्रत्येक वर्ष विजय दशमी को संघ द्वारा पथ संचलन व शस्त्रों की पूजा की जाती है । इसी क्रम में शनिवार को विजय दशमी के मौके पर संघ द्वारा पथ संचलन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए।



### शौर्य और साहस का कदमतला

शहर के ठाकुर प्यारेलाल स्कूल मैदान में पूजा अर्चना बाद बैंड की धुन पर कदम से कदम मिलाते हुए पथ संचलन शुरू किया गया । इस दौरान संघ के कार्यकर्ता शौर्य, साहस और अनुशासन का प्रदर्शन करते चल रहे थे। रास्तों में लोगों द्वारा जगह - जगह पुष्प वर्षा के साथ पथ संचलन का स्वागत किया गया।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता

वर्ष 1925 में विजय दशमी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। संघ द्वारा वर्ष 2025 में शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। जिसको लेकर आयोजित कार्यक्रम में संघ के कार्यकर्ता और पदाधिकारी में उत्साह नजर आया। संघ द्वारा शहर के प्यारेलाल स्कूल मैदान से आयोजित हुए पथ संचलन लालबाग क्षेत्र होते हुए, सर्किट हाउस रोड, अंबेडकर चौक से वापस प्यारेलाल स्कूल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में आरएसएस के कार्यकर्ता पथ संचलन में शामिल हुए।

### शताब्दी वर्ष की तैयारी

आरएसएस द्वारा आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत मनशा राम मोटलानी उपस्थित थे। वहीं आरएसएस के प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख श्विश्वास जलताड़े मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता विश्वास जलताड़े ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में शाखा एवं कार्य का विस्तार , दृढ़ीकरण और संघ की शाखा को प्रत्येक मंडल , गांव एवं नगर की प्रत्येक बस्ती में हो , इसके लिए स्वयंसेवकों को प्रयासरत रहना है। उन्होंने कहा कि 2025 में जब हम संघ का शताब्दी वर्ष मनाएंगे तब इन पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जागरण , पर्यावरण एवं नागरिक शिष्टाचार के कार्य को गति देने का आह्वान सभी कार्यकर्ताओं से अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि समाज परिवर्तन की दिशा में प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक कार्य से जुड़ना एवं सब को मिलकर देश और समाज को आगे बढ़ने का कार्य करना है।

# पढ़ाई केमिस्ट्री, पीएचडी करने में भी की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्मृति शेष

केमिस्ट्री विषय का नाम सुनते ही शहर में सबसे पहले डॉ हेमलता मोहबे के नाम का ही जिक्र होता है। उन्होंने करीबन सात दशको तक शहर के बच्चों को केमिस्ट्री पढ़ाया। केमिस्ट्री जैसे विषय पर महारात हासिल रखने वाली डॉ हेमलता मोहबे का शुक्रवार रात देहांत हो गया।

डॉ हेमलता मोहबे का जाना शिक्षा जगत के लिए भी बड़ा नुकसान है। कार्डियक अरेस्ट की वजह से उनका निधन हुआ। उनके असामयिक निधन की खबर सुन उनके अनन्य शिष्यों सहित नगर के गणमान्य नागरिक उनके बल्देव बाग स्थिति निवास में उमड़ पड़े। वे नगर के जाने माने एम डी डॉक्टर रमेश मोहबे एवं चंद्र शेखर मोहबे की बहन थी। उनकी देवलोक गमन यात्रा कल 12 अक्टूबर शनिवार को दोपहर ढाई बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली गई।

### महाविद्यालयों में रही प्राचार्य

जानी-मानी केमिस्ट्री की विशेषज्ञ और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय रायपुर की पूर्व प्राचार्य डॉ . हेमलता मोहबे ने अपने जीवन काल में शिक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का भली भांति निर्वहन किया। महाविद्यालय में अध्यापन कार्य के साथ ही उन्होंने हजारों छात्र-छात्राओं का कुशलता पूर्वक मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा जगत में सेवा करने हेतु प्रेरणा प्रदान की। दिवंगत डॉ मोहबे ने आजीवन अध्ययन-अध्यापन से सतत संबंध रखते हुए दर्जनों विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि दिलाने में मेंटर की भूमिका का भी निर्वहन किया।
दिवंगत मोहबे मैडम ने अपने पीछे भाई डॉ रमेश मोहबे, डॉ चंद्रशेखर मोहबे , राजेश मोहबे, डॉ उषा, डॉ संध्या ,बहन डॉ मीना, भतीजे डॉ सौरभ, डॉ अभिनव, भतीजी डॉ सुरभि, डॉ समष्टि एवं सृष्टि का भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं ।

# हॉकी खिलाड़ियों की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के तीन हॉकी खिलाड़यिों की रेलवे और वनविभाग में नियुक्ति हुई है। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़रीज़ अंसारी ने बताया कि नगर के तरुण यादव कि एसईसी रेलवे बिलासपुर तथा तौफ़ीक़ अहमद और सुखदेव निर्मलकर की वनविभाग में नियुक्ति हुई है।




उक्त सभी हॉकी खिलाड़ी विगत कई वर्षों से जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के साथ-साथ छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से कई राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते आये है। विगत दिनों रायपुर में आयोजित वनविभाग की चयन स्पर्धा में दोनों खिलाड़यिों ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। जिसके आधार पर उनका वन विभाग में चयन हुआ है। इसी प्रकार नगर के होनहार हॉकी खिलाड़ी तरुण ने भी विभिन्न राष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिताओ में उतकृष्ट प्रदर्शन कर एसइसीआर रेलवे बिलासपुर में चयनित हुए है, उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, महापौर हेमा देशमुख जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, भुषण सॉव, नरेश डाकलिया, गणेश प्रसाद शर्मा, ज्ञानचंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, अशोक नागवंशी, अनिल यादव, कुमार स्वामी, रौबीन गाठलीब, दीपक यादव, आशिष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, जावेद खान, छोटेलाल रामटेके, विरेन्द्र सिंग भाटिया, संतोष चोकन्द्रे, खुशाल यादव, सचिन खोब्रागढे, विकास वैष्णाव, चंद्रहास साहू, राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, संजीव पटेल अब्दुल कादिर, राजेश निर्मलकर, शकील अहमद, अमित माथुर ने शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय स्पर्धा में ज्ञानेश्वरी को गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिमाचल प्रदेश में खेलो इंडिया अकादमी नगरोटा बगवां में चल रही महिला पुरूष की राष्ट्रीय भारोत्तोलन (वेट लिफिटंग) चैम्पियनशीप स्पर्धा सब, जूनियर और सीनियर केटेगिरी में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव जिला जय भावानी व्यायाम शाला की वेट लिफटर इंडिया कैम्प पटियाला के अभ्यासरत छग प्रदेश से प्रतिनिधित्व करते हुए कु. ज्ञानेश्वरी यादव 49 किग्रा वर्ग समूह में सबको पीछे छोड़ स्वर्ण पदक पर अपना नाम की।

प्रतियोगिता के संबंध में जिला भारोत्तोलन संघ व जय भावानी व्यायाम शाला के अध्यक्ष अमीत अजमानी ने बताया कि, ज्ञानेश्वरी यादव 186 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता उन्होंने स्नैच 82 किग्रा और क्लीन जर्क 104 किग्रा कुल वजन 186 किग्रा भार उठाई और गोल्ड मेडल पर कब्जा की। श्री आजमानी ने बताया कि इससे पहले ज्ञानेश्वरी यादव वर्ष 2023 में हुए कॉमन वेल्थ गेम्स में 176 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीती थी। कु. ज्ञानेश्वरी यादव के स्वर्ण पदक जीतने पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, डोमन मोहबिया, नीलू शर्मा, जीतू मुदलियार अध्यक्ष अमीत आजमानी, सचिव अशोक श्रीवास, जय भावानी व्यायाम शाला के सचिव, शेख वसीन, सहसचिव नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष बसंत मेगी, विवेक रंजन सोनी, उपाध्यक्ष, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, चोवाराम सोनकर, आकाश सोनी, सहसचिव नाहिद अख्तर, रितेश घरड़े, अभिषेक आजमानी, तामेश्वर बंजारे, प्रेम कापसे, जय पटेल, नारायण लोहार, संघ व व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी सदस्य दाऊद खान, जग्गु ठाकुर, रामा यादव, जय कुलदीप, नितिन शर्मा, नोमेन्द्र यादव, मनीष तिवारी, दिनेश राजपूत, सुखराम मेश्राम, गोलू यादव, गौकरण सोनकर, श्रीमती कोमल गुप्ता, श्रीमती सरला साहू, वैभव देवांगन, अरूण गुप्ता, रविन्द्र सुधाकार, आदि सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामना प्रेषित किये है । यह जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी ।






# सद्भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत

**राजनांदगांव।** शारदीय क्वांर नवरात्र में मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों की मुस्लिम समुदाय भी सेवा कर रहे हैं। टेकाहरदी स्थित एबीस ग्रुप के पंडाल में आपसी भाईचारे का संदेश लिए मुस्लिम धर्मावलंबी पदयात्रियों की आवभगत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एक ओर हिन्दू समुदाय शारदीय नवरात्र पर्व के भक्ति में लीन है तो पांच वक्त की नमाज अदा करते मुस्लिम पदयात्रियों की सेवा सत्कार में डटे हुए हैं।



नवरात्र पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों की सेवा-जतन में मध्य भारत का अग्रणी कृषि आधारित उद्योग ''एबीस ग्रुप'' भी हाथ बंटा रहा है। टेकाहरदी में ग्रुप द्वारा बनाए गए पंडाल में भक्तों का खूब ख्याल रखा जा रहा है। श्रद्धालुओं की सेवा सत्कार में आईबी ग्रुप के जिम्मेदार सदस्यों की ओर से बेहतर इंतजाम किए गए हैं। बताया जाता है कि मां के दरबार में माथा टेकने पैदल निकले श्रद्धालुओं को ग्रुप के जरिये स्वादिष्ट व्यंजन पोहा, चाय-नाश्ता परोसे जा रहे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक नाश्ता और भोजन का पुख्ता इंतजाम किया गया है। वहीं व्रतधारी श्रद्धालुओं जो जा रहे हैं उनके लिए उपवास के खानपान से भक्तों की थकान दूर की जा रही है। एबीस ग्रुप की ओर से नवरात्र पर्व पर विशेष ख्याल रखने पंडाल में अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। दूरदराज से पहुंचे भक्तों की आवभगत में ग्रुप बढ़-चढ़कर भाग ले रहा हैं। आईबी ग्रुप के कार्यपालक निदेशक अंजुम अल्वी ने बताया कि गत 42 वर्षों से पूर्व से ही रायपुर नाका स्थित वर्कशॉप में पदयात्रियों के लिए एबीस ग्रुप के चेयरमैन सुल्तान अली, प्रबंध निदेशक बहादुर अली द्वारा मटकों में शीतल जल व शरबत, फलों का इंतजाम किया जाता रहा है और अब लगातार विगत 22 वर्षों से दोनों नवरात्रि पर्व पर ग्राम टेकाहरदी में भव्य पंडाल लगाकर पदयात्रियों के आराम करने गद्दे, पंखा, कूलर, भोजन, नाश्ता, संगीत आदि का सुव्यवस्थित इंतजाम किया जाता है, जो हिन्दू-मुस्लिम एकता की एक शानदार मिसाल है। ग्रुप की ओर से बताया गया है कि हर साल दोनों नवरात्रि के मौके पर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते भक्तों की सेवा जतन में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। लिहाजा हर साल विशेष पंडाल लगाकर मां के भक्तों के लिए बेहतर इंतजाम करने का प्रयास किया जाता है। बहरहाल एबीस ग्रुप जनहित से जुड़े कार्यों के प्रति बेहतर कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। पंडाल की व्यवस्था देखकर दूर-दराज से पहुंच रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहता है। इस सेवा में शेख ग्यासुद्दीन, शेख नवाबुद्दीन, सिराज मोहम्मद अशरफी, शकील सिद्दीकी आदि मुस्लिम भाईयों का सहयोग मिल रहा है।

# जिला निषाद समाज की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला निषाद समाज की बैठक कौरिनभाठा सामाजिक भवन में जिला संगठन राजनांदगांव ने प्रदेश महासचिव मनोहर निषाद का मोमेन्टो भेंटकर सम्मानित किया गया। राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद सोनवानी ने बताया कि बैठक में आय-व्यय व खैरागढ़ जिला संगठन चुनाव पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष हीराभाई निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, बालाराम निषाद जिलाध्यक्ष रायपुर, प्यारेलाल निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष तिलोचन निषाद, संरक्षक लालाराम निषाद, पूर्व संगठन सचिव पन्ना निषाद, मार्गदर्शक बसंत लारिया संग श्रीमती लारिया, संगठन सचिव मौजीराम निषाद सहित बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारीगण व स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।



HP आवश्यकता है HP
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर (वेतन 9000/- रुपए) - 3 पद
2. मैनेजर - 1 पद
3. मेकेनिक (अनुभवी को प्राथमिकता) - 2 पद
4. वाहन चालक (वेतन 9000/-, अनुभवी को प्राथमिकता) 4 पद
समस्त दस्तावेज के साथ स्वयं संपर्क करें।
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### आदित्यवाहिनी ने विजयदशमी में वैदिक सनातनी शस्त्र महोत्सव

**हरिभूमि कवर्धा।** आदित्यवाहिनी कवर्धा के तत्वावधान में विजयदशमी के पावन पर्व पर वैदिक सनातनी शस्त्र पूजा आराधना महोत्सव सनातन धर्म के सर्वोच्च, सर्वमान्य, सार्वभौम धर्मगुरु पूरीपीठ शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग द्वारा संस्थापित संस्थान आदित्यवाहिनी कवर्धा इकाई द्वारा भारतवर्ष में छात्र धर्म को पुनः प्रत्येक वैदिक आर्य हिंदू सनातनी के जीवन में हृदयंगम करने के उद्देश्य एवं भारतवर्ष से अराजक तत्व के दमन के लिए और हमारे पूर्वज छात्र धर्म रक्षण प्रणेता शिरोमणि श्रीरामचंद्र, श्रीकृष्ण श्रीपरशुराम, श्रीयुधिष्ठिर, श्रीपुष्यमित्र शुंग, चंद्रगुप्त मौर्य, शिवाजी, महाराणा प्रताप आदि के छात्र धर्म को भारतवर्ष पुनः प्रत्येक वैदिक कार्य हिंदू सनातनियों के जीवन में परिलक्षित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है सभी वैदिक आर्य हिंदू सनातनी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भारतवर्ष में छात्र धर्म के पक्ष में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष आदित्यवाहिनी आशीष दुबे द्वारा दी गई।

## आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों में रहा उत्साह का माहौल

# हथमुंड़ी में गंगा यात्रा निकाली और मां दुर्गा को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय क्वांर नवरात्रि में क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामों में जग ज्वांरा का आयोजन किया गया वहीं जगह जगह मां दुर्गा समिति उत्सव द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनो तक विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। वहीं ग्राम हथमुंड़ी वासियों द्वारा 17 से आदि शक्ति मां महामाया की प्रतिमा स्थापित कर जग ज्योत ज्वांरा का आवाहन कर श्रद्धा-भक्ति के साथ गंगा यात्रा निकालकर मां को विदाई दी गई। जिसमें ग्राम कुण्डा, मांकरी, खैलटुकरी, अखरा, केसली, पेंड्रीकला, छीतापार, बोड़तरा में दशहरा पर्व का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण दशहरा उत्सव में शामिल होकर आनंद उठाया। साथ-साथ इस शारदीय नवरात्रि व दशहरा पर्व को लेकर भक्तजनों व श्रद्धालुओं में भारी श्रद्धाभक्ति मय वातावरण रहा। सरपंच प्रतिनिधि बालमुकुंद चंद्रवंशी ने बताया कि इस वर्ष ग्राम हथमुडी में 51 हजार ज्योति से भव्य महाआरती किया गया तथा ग्राम के मां महामाया समिति प्रभुकृपा सेवा समिति, महिला स्व सहायता समिति के सहयोग से यह आयोजन विधि-विधान पूर्वक निर्वाहन किया गया, इस वर्ष के दुर्गा उत्सव में क्षेत्र के सभी ग्रामों में युवक-युवतियों ने भक्ति पूर्वक अपना सहयोग प्रदान किया ।





### नपं पिपरिया में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

नगर पंचायत पिपरिया शनिवार को दशहरा पर्व में असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की बुराई पर अच्छाई की, पाप पर पुण्य, अत्याचार पर सदाचार की जीत का महापर्व विजयादशमी दशहरा पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं भक्त हनुमान की शोभायात्रा श्रीराम जानकी बड़े मंदिर से बाजे-गाजे एवं आतिशबाजी के साथ शौर्य प्रदर्शन करते हुए नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गई, जहां मार्ग में भक्तों द्वारा श्रद्धा-भक्ति के साथ विधि-विधान से पूजन कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात रावण दहन स्थल पहुंची श्रीराम सेना ने अखाड़े के लोगों द्वारा शस्त्र श्रीराम लीला का मैदान में प्रदर्शन किया गया वहीं भगवान श्रीराम ने आग्नेयशस्त्र चलाएं तब रावण दहन संपन्न की गई। इस दशहरा के अवसर पर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का शुभागमन हुआ, उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए विजयादशमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



# शहर सहित अंचल में किया गया जोत-जवारा कलश का विसर्जन

- धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया दशहरा पर्व ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शनिवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जोत ज्वांरा कलश विसर्जन किया गया। जिसमें ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्राम भगतपुर, धनेली, बसनी, मोहतरा कला में जोत ज्वांरा कलश विसर्जन किया गया, जिसमें ग्राम कोलेगांव स्थित मां महामाया मंदिर में जोत ज्वांरा नगर भ्रमण करते हुए ज्वांरा विसर्जन के लिए निकाली गई। वहीं ग्रामवासियों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख, शांति व समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त ज्योत ज्वांरा कलश को नम आंखों से विदाई दी गई।

साथ ही साथ ग्राम कोलेगांव में दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी असत्य पर सत्य का जीत व रीति-रिवाज के अनुसार रावण वध कर दशहरा उत्सव मनाया एवं रात्रि कालीन रंगारंग शानदार मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी गई। जिसमें आसपास क्षेत्रवासियों द्वारा कार्यक्रम का आनंद उठाया।

# विजयादशमी पर रक्षित केंद्र के शस्त्रागार कक्ष में शस्त्रों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई



- जिले में शांति व्यवस्था, आपसी भाईचारा कायम रहे, हवन पूजा कर ईश्वर से किया प्रार्थना।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के न्यू पुलिस लाइन रक्षित केंद्र में शनिवार को विजयादशमी पर्व के शुभ अवसर पर शस्त्रागार कवर्धा में प्रातः 10:30 बजे विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्रों की पूजा अर्चना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल द्वारा किया गया।

शस्त्र पूजा में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला संजय तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सतीश कुमार धुर्वे, महेश्वर सिंह एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारी शस्त्र पूजा में सम्मिलित होकर किसी भी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग न करने तथा असहाय आम नागरिकों की हर संभव मदद कर उनकी रक्षा करने, असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने तथा अपराधियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही तथा जिले को अपराध मुक्त बनाने का संकल्प कबीरधाम पुलिस द्वारा लिया गया।

साथ ही साथ जिले में शांति व्यवस्था, आपसी भाईचारा बना रहे इसके लिए शांति हवन कर जिलेवासियों के खुशहाली की कामना करते हुए विजयादशमी की समस्त अधिकारी कर्मचारियों एवं जिलेवासियों को बधाई दी । उपस्थित स्टाफ को प्रसाद का वितरण किया गया तथा पूजित शस्त्रों से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी व रक्षित निरीक्षक के द्वारा हर्ष फायर भी किया गया साथ ही जिले के समस्त थाना एवं चौकी में भी पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में शस्त्र पूजन का आयोजन थाना परिसर के शस्त्रागार में आयोजित किया गया।

# अभाविप ने मां दुर्गा अष्टमी में 301 कन्याओं को कराया कन्या भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पाण्डातराई में कार्यकर्ताओं द्वारा शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा अष्टमी पर हवन पूजन किया गया साथ ही साथ 301 कन्याओं को कन्या भोज कराया तथा माता रानी का आशिर्वाद प्राप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला के कार्यकताओं द्वारा प्रत्येक वर्ष नवरात्र के अवसर पर विभिन्न सेवा कार्य के साथ-साथ समस्त इकाईयों में कन्या भोज का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में कवर्धा इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद वाचनालय कवर्धा में भोज का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अभाविप के प्रदेश सहमंत्री तुषार चन्द्रवंशी ने बताया कि अत्र नार्यस्तू पूज्यंते तत्र रमन्ते देवता के भाव से परिपूर्ण भारत भूमि प्राचिन काल से ही माताओं को देवी का दर्जा देते आया है, शारदीय नवरात्र का यह पावन अवसर माता रानी के विभिन्न स्वरूपों का आराधना का पर्व होता है। इसी ध्येय को लेकर अभाविप के कार्यकर्ता कुंवारी कन्या शक्ति की अराधना कर मातारानी का आशिर्वाद प्राप्त किया। अभाविप के नगर मंत्री खेमलाल साहू ने कहा कि मां की भक्ति आराधना का पर्व नवरात्र समस्त मानव समाज के लिए शुभकारी हों अभाविप इकाई पाण्डातराई द्वारा कन्याओं का पूजन करतें हुए भोज कराकर श्रृंगार भेट करते हुए अभाविप के समस्त कार्यकर्ताओं के ऊपर आशिर्वाद बनाएं रखने की कामना किया। उक्त कन्या भोज के कार्यक्रम में अभाविप के कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को डेमो दिखाकर आगजनी बचाव की दी विस्तृत जानकारियां



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम खड़ौदा खुर्द में ग्रामवासियों व कृषकों को छोटी-बड़ी आग व जान-माल की हानि से बचने के लिए डेमो दिखाया गया। जिसमें जिला अग्निशमन व नगर सैनिक टीम द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों को डेमो के माध्यम से खेत व घरों में आग लगने पर किस तरह से बचाव कार्य करना है इसकी विस्तृत जानकारियों दी गई। इस दौरान जिला अग्निशमन नगर सेना अधिकारी नागेंन्द्र सिंह, प्रभारी केके श्रीवास्तव, एनसीओं महेश परिमल, लांशनायक शाशिकापुर झारिया, अग्निचालक घनश्याम शर्मा, ईश्वर, गजेंन्द्र धुर्वे, नंदकुमार, संजय धुर्वे, रेस्क्यू कर्मचारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## कोर्ट के आदेश का पालन करेन धरने पर बैठे डीएड-डीएलएड अभ्यर्थियों ने किया जल समाधि



**हरिभूमि कोलेगांव।** विगत दिनो से लगातार डीएड-डिप्लोमा अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट-हाई कोर्ट के आदेश को जल्द लागू करने और अपनी सहायक शिक्षक पद पर जल्द नियुक्ति की मांगों को लेकर हजारों की संख्या में तूता धरनास्थल नया रायपुर मे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं इनमे से कुछ अभ्यर्थियों द्वारा रायपुर के चौक चौराहों पर पोस्टर के माध्यम से अपनी मांगों को आम जनता तक पहुंचाया, अभ्यर्थियों का कहना है 2 अप्रैल को हाईकोर्ट का आदेश आया जिसमे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जी ने कहा था की 6 सप्ताह के भीतर डिप्लोमा अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिया जाएं, हाईकोर्ट के इस आदेश को विभाग और सरकार ने नही माना और इस आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में बीएड अभ्यर्थी और सरकार दोनो ने 8 याचिका दायर किया था, सरकार और बीएड अभ्यर्थियों की इन सभी मामलों को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी 28 अगस्त 2024 को सरकार और विभाग को आदेश दिया था की जल्द डीएड-डिप्लोमा अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिया जाएं, आज हाईकोर्ट के आदेश को आए 8 महीने हो गए और सुप्रीम कोर्ट के आदेश को आए 1 महिने से अधिक हो गया है, अभ्यर्थी काउंसलिंग करा कर साल भर से भटक रहें हैं। अभ्यर्थियों की सरकार और विभाग से यही मांग है की जल्द से जल्द उन्हे नियुक्ति दिया जाए और साथ ही तूता धरना स्थल मे बुनियादी सुविधा की भी तत्काल व्यवस्था किया जाएं। जल्द से जल्द नियुक्ति की मांग के लिए नारेबाजी साय सरकार के सुशासन और मोदी की गारंटी पर सवाल उठाए की अगर बीजेपी की सरकार न्यायालय का सम्मान और संविधान का पालन नही कर सकती तो यह बिन न्यायालय आदेश पालन विष्णु का कैसा सुशासन और बिना संविधान के पालन मोदी की कैसी गारंटी। छत्तीसगढ़ सरकार से अपील किए की अगर बीजेपी की साय सरकार संविधान विरोधी नही है तो न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए डीएड अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति दे अन्यथा विष्णु सरकार की जनता ,समाज और युवाओं के बीच न्याय विरोधी छवि बनेगी।

### ग्रामीण किसान सोयाबीन मिजाई कार्य में जुटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर सहित अंचल क्षेत्र में इन दिनों ग्रामीण किसान अपनी सोयाबीन फसल की कटाई के बाद फसल की मिजाई कार्य में ग्रामीण जुटें हुए है।




## मुक्तिबोध के कृतित्व व व्यक्तित्व की विशद व्याख्या करने वाले वक्ताओं को आमंत्रित किया

# साहित्य संगोष्ठी के बाद कवियों ने पढ़ीं श्रेष्ठ कविता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वनमाली सृजन केन्द्र व पाठक मंच की संयुक्त बैठक और कवि गोष्ठी बुधवार की शाम को सर्किट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में जिले में साहित्यिक आयोजनों एवं साहित्य संस्कृति के उन्नयन जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया। अजय चन्द्रवंशी और राजाराम हलवाई ने सुझाव दिया कि मुक्तिबोध पर केन्द्रित एक संगोष्ठी आयोजित की जानी चाहिए, जिसमें मुक्तिबोध के कृतित्व और व्यक्तित्व की विशद व्याख्या करने वाले वक्ताओं को आमंत्रित किया जाए। समयलाल विवेक ने सुझाव दिया कि हर माह गोष्ठी की तिथि निर्धारित कर एकल कवितापाठ के लिए राज्य के श्रेष्ठ कवियों को बुलाया जाए। नीरज मनजीत ने कहा कि निश्चय ही अगले महीनों में व्यवहारिक रूप से ऐसे आयोजन किए जाएंगे। कविता पाठ के सत्र में समयलाल विवेक ने यथार्थवादी स्वर में मां पर केंद्रित कविता के अलावा शोषक तंत्र की शिनाख्त करते हुए कविताएं पढ़ीं। नरेन्द्र कुलमित्र ने कविताओं में अपने लिए थोड़ी सी ज़मीन थोड़े से आसमान की कामना करते हुए सामान्य जन की पीड़ा को व्यक्त किया। सात्विक श्रीवास्तव ने नवरात्रि पर्व पर नारी की महिमा और मध्यवर्गीय विडंबना को कविताओं में ढाला। भागवत साहू ने कुछ चुटीली व्यंग्य कविताएं पढ़ीं। महेश आमदे ने महाभारत के मिथकों को आधार बनाकर वर्तमान काल की विसंगतियां व्यक्त कीं। तुकाराम साहू तरुण ने गांव पर केंद्रित कविता पढ़ी। अश्विनी कोसरे ने कविताओं के जरिए विसंगतियों विडंबनाओं को व्यक्त किया। सोमप्रकाश वर्मा ने दाम्पत्य जीवन की नोकझोंक को स्वर दिया। प्रहलाद पात्रे ने दो छोटी कविताएं सुनाईं। अजय चन्द्रवंशी ने भूख को केन्द्र में रखकर जातिवाद पर प्रहार किया। आदित्य श्रीवास्तव ने रामकथा में कैकेयी के चरित्र को नए आयाम पर विश्लेषित किया। सुखदेव सिंह अहिलेश्वर ने कुछ छोटी व्यंग्य कविताओं के बाद एक छत्तीसगढ़ी कविता का पाठ किया। आखिर में नीरज मनजीत ने सत्य समानता स्वतंत्रता के पक्ष में कविताओं का पाठ किया।



**उत्सव:** दशहरा उत्सव में राजा के दर्शन करने उमड़ी लोगों की भीड़

# नगर में हर्षोल्लास से मना शाही दशहरा, निकाली गई राजा की सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा में विजयादशमी दशहरा पर्व शाही अंदाज में मनाया गया। वैसे तो दशहरा उत्सव का आयोजन नगर की कई समितियों द्वारा अलग-अलग स्थानो में किया गया था। लेकिन वर्षो पुरानी परम्परा के अनुसार मुख्य आयोजन कवर्धा राज परिवार का ही रहा है। राजपरिवार द्वारा शनिवार को आयोजित इस दशहरा उत्सव में कवर्धा नगर सहित समूचे जिले भर के हजारों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अधर्म पर धर्म के, असत्य पर सत्य के तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशी धूमधाम व हर्षोल्लसा के साथ मनाया। उल्लेखनीय है कि कवर्धा नगर में राज परिवार द्वारा विजयादशमी का पर्व शाही अंदाज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस शाही दशहरे में राज परिवार के सदस्य तो शामिल होते ही हैं साथ ही उनकी प्रजा भी उनकी हमराह होती है। आज भी विजयादशमी के अवसर पर राजा की सवारी राजसी ठाठ-बाठ के साथ नगर भ्रमण के लिए निकलती है। सजे-धजे रथ में राजा और युवराज राजसी पोशाक धारण किए चलते हैं। रथ में सवार राजपुरोहित वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हैं। उनके आगे राम लक्ष्मण व हनुमान का रूप धारण किए तीन बालक भी एक दूसरे रथ में सवार होते हैं। राजा का यह काफिला बैंडबाजे, आतिशी धमाकों तथा मांदर की थाप के बीच हौले-हौले सरदार पटेल मैदान पहुंचता है। जहां भगवान राम तथा राजा योगेश्वर राज सिंह, युवराज मैकलेश्वर राज सिंह बुराई के प्रतीक माने जाने वाले रावण का पुतला दहन करते हैं। तत्पश्चात अपनी जीत का जश्न मनाने राजा का विजय जुलूस नगर भ्रमण पर निकलता है। जुलूस के पीछे हजारों की संख्या में प्रजा उनके साथ होती है। विजय जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस राजमहल पहुंचता है। जहां राजा का दरबार लगता है और अंचल से आई प्रजा अपने राजा को भेंट स्वरूप कुछ न कुछ देती है तथा उनसे आशीर्वाद लेते है। यह परम्परा वर्षो पुरानी है। लेकिन इस आयोजन के प्रति न तो राज परिवार का उत्साह कम हुआ है और न ही नगर व जिले के ग्रामीणों का। वे आज भी उतने ही जोश और हर्षोल्लास के साथ आयोजन में हिस्सा लेते हैं। इस बार भी लोगों की यही आस्था विजयादशमी पर्व और राज परिवार के प्रति दिखी। लोगों ने भगवान राम और अपने राजा के साथ मिलकर बुराई के प्रतीक माने जाने वाले रावण का वध किया और विजया दशमी मनाई।



### लोगों ने लिया मेले का आनंद

राज परिवार के कार्यक्रम के बाद जिले के ग्रामीण अंचलों से आए लोगों ने मेले का आनंद लिया और नगर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन किए। शनिवार की दोपहर बाद प्रारंभ हुआ चलता-फिरता मेला रविवार की सुबह तक चलता रहा। इस दौरान जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने रातभर जमकर खरीददारी की और मेला का जमकर आनंद लिया। विजयादशमी के मौके पर नगर में पहुंची हजारों लोगों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जिसके चलत पूरे पर्व में शांति व्यवस्था कायम रही।



# वनांचल ग्राम चिल्फी में दशहरा उत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फीघाटी

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिले के बोड़ला विकासखण्ड के वनांचल ग्राम चिल्फी घाटी में नवरात्र पर्व एवं विजयादशी का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र पर्व के मौके पर वनांचल दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां जगत जननी की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां पूरे नवरात्र भर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए वहीं महाअष्टमी के मौके पर हवन पूजन का विशेष आयोजन किया गया। इसी कड़ी में अब समिति द्वारा 13 अक्टूबर को विजयदशमी का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान राम दरबार की भव्य झांकी निकाली जायेगी उसके पश्चात रावण दहन किया जायेगा रावण दहन के बाद मां हिंगलाज विशाल देवी जागरण ग्रुप जबलपुर स्थानीय बस स्टैंड चिल्फी में प्रस्तुति दी जाएगी। समिति आयोजन की तैयारी में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आज से

**कवर्धा।** पूरे नौ दिनो तक चले नवरात्र पर्व के बाद रविवार से दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन प्रारंभ हो जायेगा। हालांकि दुर्गा पण्डालों में हवन पूजन अष्टमी को ही पूर्ण कर लिया गया है। लेकिन नवमी के दूसरे दिन पड़ने वाले दशहरा उत्सव के चलते दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा प्रतिमाओं का विसर्जन एक दिन बाद यानि रविवार को किया जायेगा। क्योंकि दशहरा उत्सव में वर्षो पुरानी परम्परा के अनुसार समूचे जिले के ग्रामीण कवर्धा पहुंचते हैं और दुर्गा प्रतिमाओं का दर्शन करते हैं। यही वजह है कि नगर की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन दशहरा के बाद ही किया जाता है।

### सड़क में डीजल गिरने से वाहन चालकों को परेशानी

**चिल्फी।** जिले के चिल्फीघाटी की सड़क में डीजल रिसाव हो जाने से आने जाने वाले दो पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और वे दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सड़क पर गिरे इस डीजल की वजह से अभी तक पांच मोटर सायकल हादसे का शिकार हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे में बीती रात किसी अज्ञात वाहन से डीजल का रिसाव होकर सड़क पर गिर गया है। जो अब आवागमन में वाधा उत्पन्न कर रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालक इसके चलते दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह से लेकर देरशाम तक करीब पांच मोटर सायकल सवार सड़क में गिरे डीजल में फिसल चुके है। जिन्हें चोटें भी आई है।

# गाजे-बाजे के साथ श्रृद्धा भक्ति से किया गया देवी मंदिरों के ज्योत जवारा का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महाअष्टमी के रोज अंचल के देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में विधिवत हवन पूजन उपरांत दूसरे दिन नवमीं को कई देवी मंदिरों व शक्तिपीठों से ज्योत ज्वांरा निकाली गई और श्रृद्धा भक्ति के साथ उनका विसर्जन किया गया। उल्लेखनीय है कि नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में ज्योत ज्वारां स्थापित किए जाते हैं जिनका विसर्जन अष्टमी के बाद नवमी के दिन से प्रारंभ हो जाता है। शनिवार को कवर्धा नगर सहित अंचल के कई मंदिरों के ज्योत ज्वांरा का विसर्जन सुबह से ही प्रारंभ हो गया था। मंदिर समितियों द्वारा बकायदा पूजा अर्चना कर गाजे-बाजे के साथ मंदिरों से ज्योत ज्वांरा निकाले और उनका स्थानीय जल स्त्रोतों में श्रृद्धा भक्ति के साथ विसर्जन किया। इस दौरान कई लोगों को भाव भी आए जिन्हे पाण्डों द्वारा हूम हवन, नारियल व नीबू आदि भेंट कर शांत कराया। नगर पंचायत पिपरिया के मां अन्नपूर्णा मंदिर झिरना में भी शनिवार को सुबह पूजा पाठ के पश्चात ज्योत ज्वांरा निकाले गए और प्रमुख मार्गो में भ्रमण के बाद स्थानीय सकरी नदी में उनका विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कांग्रेस परिवार ने आयोजित किया भण्डारा...



**कवर्धा।** महाअष्टी के पावन अवसर पर कांग्रेस परिवार द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित कांग्रेस कार्यालय में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस सदस्यों व पदाधिकारियों ने अपना सहयोग देते हुए लोगों को प्रसादी वितरण की।

# सरेआम पत्रकार पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अष्टमी पर्व की गहमागहमी के बीच बीते शुक्रवार-शनिवार की दरमियानीरात एक अज्ञात व्यक्ति ने कवर्धा नगर के पत्रकार पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पत्रकार की रपट पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है जिसकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाअष्टमी की मध्य रात्रि में कवर्धा नगर में निकाली जाने वाली खप्पर का कवरेज करने शहर के पत्रकार प्रदीप गुप्ता पर एक अज्ञात आरोपी ने उस समय चाकू से हमला कर दिया जब वे अपने साथी पत्रकार संतोष भरद्वाज के साथ कवर्धा नगर के सिग्नल चौक स्थित पेट्रोल पंप में अपनी मोटर सायकल में पेट्रोल भरवाने गए थे। बताया जाता है कि इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति से मोटर सायकल को साईड करने के लिए कहने पर अज्ञात व्यक्ति ने अचानक चाकू निकाल कर श्री गुप्ता पर हमला कर दिया। इसे गनीमत कहें की चाकू श्री गुप्ता के हांथ में लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जिसकी रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज करा दी गई है। अब पुलिस सीसी टीवी के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

# आसमान छू रहे हरी सब्जियों के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

किसानो के खेत एवं बाड़ियों से हरी सब्जी की कम आवक के कारण इन दिनो सब्जियों के भाव आसमान छू रहे हैं। जिसका सीधा असर लोगों के जायके के साथ बजट पर पड़ रहा है। पिछले करीब एक डेढ़ माह से हरी सब्जियों बढ़े हुए दामों को लेकर सब्जी विक्रेताओं का कहना है हाल के महिने में हुई भारी बारिश के चलते सब्जी के उत्पादन पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है। किसानो द्वारा अपने खेतों और बाडिय़ों में जो सब्जी के थरहा रोपे थे वे भारी बारिश में नष्ट हो गए। उन्होंने बताया कि यह स्थिति सिर्फ कवर्धा जिलेभर में नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का कमोबेश यही हाल है। जिसके चलते दुकानदार दूसरे जिलों से भी हरी सब्जी मंगनाने में गुरेज कर रहे हैं। एक तो पहले से सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं और बाहर से मंगाने में उसमें भाड़ा और जुड़ जायेगा। ऐसे में वे लोकल आवक के भरोसे ही अपना व्यवसाय कर रहे हैं। इस स्थिति में आलम ये है कि परवल, बैगन, टमाटर, फूल गोभी, बरबट्टी, करेला, भिन्डी जैसी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है। जिसके कारण घरों में थाली का जायका बिगड़ गया है। सब्जी बाजार से मिली जानकारी के अनुसार इस समय परवल 60-80 रुपए, करेला 60 रुपए, शिमला मिर्च 80 रुपए, बैगन 40 रुपए, फूल गोभी 100-120 रुपए, बरबट्टी 40 रुपए, लौकी 20 रुपए, भिंडी 30-40 रुपए, हाइब्रिड मुनगा 70-80 रुपए, टमाटर 80-60 रुपए, प्याज 60 रूपए, कद्दू 20-30 रूपए, सेमी 120 रूपए की दर से बिक रही है। दुकानदारों ने उम्मीद जताई जा रही है कि दीपावली के बाद शायद इन हरी सब्जियों के दामों में कुछ नरमी आयेगी। बहरहाल लोग सब्जियों के दाम कम होने का इंतजार कर रहे हैं।



# केन्द्र ने चार साल बढ़ाई मुफ्त अनाज की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



केंद्र सरकार ने गरीबों को मुफ्त अनाज वितरण की योजना को चार साल और बढ़ा दिया है। यानी गरीबों को 2028 तक मुफ़्त अनाज मिलता रहेगा। इसको लेकर राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को मुफ्त अनाज वितरण को 4 साल तक बढ़ाने की चलते मंजूरी दे दी। जिसके अब केंद्र सरकार देश की गरीब जनता को 2028 तक गरीबों को मुफ्त अनाज देगी। दिल्ली में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को कैबिनेट में मंजूरी दे दी है। बैठक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की आपूर्ति को दिसंबर 2028 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

पर्व में पारंपरिक ढंग से की जाती है घरों की रंगाई पुताई

# वनांचल में दीपावली की तैयारी के लिए पहाड़ों से खोदी जा रही छुही




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भले ही दीप उत्सव के पर्व दीपावली को अभी करीब दो ढाई हप्ते का समय शेष है। लेकिन लोगों ने इस पर्व की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी है। दीपावली पर्व मुख्य रूप से धन की देवी मां लक्ष्मी की आराधना का पर्व है। माना जाता है कि मां लक्ष्मी का वास उसी स्थान में होता है जहां साफ सफाई, स्वच्छता और भक्ति भाव हो। यही वजह है कि दीपावली में साफ सफाई, रंग रोगन, रंगाई पुताई को विशेष महत्व दिया जाता है। इसी के चलते शहर से लेकर ग्रामीण और वनांचल के लोग पर्व विशेष पर इसे पारंपरिक रूप से वर्षों से करते आ रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में तो पर्व के मौके पर घरों की रंगाई पुताई अब बहुत कम ही लोग करते हैं। लेकिन जहां तक ग्रामीण और वनांचलों की बात की जाए तो यहां खासकर कच्चे मकानों की मरम्मत से लेकर रंगाई पुताई, लिपाई सब कुछ दीपावली के पहले कर लिया जाता है। यही वजह है कि वनांचल के लोग अभी से इस कार्य में पूरी शिद्दत के साथ भिड़ गए हैं। यहां बताना लाजमी होगा कि वनवासियों द्वारा शहर की तरह ऑयल पेंट, डिस्टेंपर, इमर्शन आदि का उपयोग अपने घरों की रंगाई पुताई के लिए नहीं किया जाता बल्कि वनांचल के लोग अपने कच्चे घरों की लिपाई पुताई के लिए छुही का उपयोग करते हैं और वे इस छुही को भी बाजार से नहीं खरीदते बल्कि वनांचल की पहाड़ी इलाकों से इसे खोदकर निकालते हैं। उल्लेखनीय है कि विकासखंड पंडरिया के वनांचल ग्राम तेलियापानी लेदरा, वाहपानी, तेलियापानी धोबे, रूखमीदादर, देवसरा सिहत अन्य ईलाकों में स्थित कई पहाड़ों से अच्छी किस्म की सफेद छुही निकलती है जिसका उपयोग वनांचल के लोग अपने घरों की लिपाई, पुताई, रंगाई आदि के लिए वर्षो से करते हैं। दीपावली पर्व की नजदीकियों को देखते हुए इस बार भी ये वनवासी इन दिनों वनांचल के पहाड़ी इलाकों से जूही निकालने में व्यस्त है। वनवासियों ने बताया कि यहां मिलने वाली छुही बहुत ही अच्छी क्वालिटी की है जो बड़ी आसानी से पानी में घुल जाती है और घरों की दीवारों में पोतने पर दूध जैसी सफेदी देती है। यही वजह है कि वे दीपावली के पर्व पर इसका उपयोग अपने घरों की लिपाई, पुताई के लिए करते हैं।

# ग्राम पंचायत बामी में पं. विवेक मिश्रा के जस गीतों की प्रस्तुति 14 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा



सहसपुर लोहारा विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम पंचायत बामी में शारदीय नवरात्र, विजय दशमी पर्व के उपलक्ष में सोमवार 14 अक्टूबर को विजयदशमी के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ के सुप्रसीद्ध लोकगायक पंडित विवेक मिश्रा के जस गीत कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन ग्राम सरपंच श्रीमती जामबाई टोपसिंह साहू, पंचगण, दुर्गा सेवा समिति समस्त ग्रामवासियों के द्वारा किया गया है। टोपसिंह साहू ने बताया कि काफी प्रयासों के बाद दशहरा उत्सव के लिए पंडित विवेक मिश्रा का कार्यक्रम मिला है। उन्होने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार जस गीत गायक पंडित विवेक मिश्रा अपने सुप्रसिद्ध जस गीत, सोलह सिंगार करके, मोला बेटा कहिके बुला ले महामाई, मोर दुर्गा दुलवरिन तंय पहुना बन के आये, दीवाना हूं दीवाना श्री राम का मैं दीवाना जैसे सुप्रसिद्ध जस गीत व देवी भजनों से सोमवार 14 अक्टूबर को अपने जस गीतों की प्रस्तुति ग्राम पंचायत बामी में देंगे।